
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शुक्रवार,6 फरवरी 2026

सुविचार



अभी समय मेरे पक्ष में नहीं है, इसलिए मैं थोड़ा शांत हूं। जब सही समय आएगा तो मेहनत खुद मेरी पहचान बता देगी।

- एपीजे अब्दुल कलाम

बरेली के प्रमुख समाचार

- आईटीआई छात्र को गोली मारने वाला पुलिस मुठभेड़ में घायल II
- पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा : मंडलायुक्त-III
- छात्रों को बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके-IV

## सिटी ब्रीफ

### रुविवि ने परीक्षा तिथि में किया बदलाव

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय (एमजेपीआरयू) ने बीए प्रथम सेमेस्टर के विषय 'फूड, न्यूट्रिशन एंड हाइजीन' की परीक्षा की तिथि संशोधित कर 12 की जगह 17 फरवरी कर दी है। यह बदलाव गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में समान तिथि पर आयोजित परीक्षा के कारण किया गया है, ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। विश्वविद्यालय ने संबंधित महाविद्यालयों से अनुरोध किया है कि वे संशोधित तिथि के अनुसार परीक्षा कार्यक्रम को अपडेट करें और छात्रों को सूचना दें। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### बरेली-दिल्ली पैसेंजर का संचालन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** 54075 बरेली-दिल्ली पैसेंजर और 54076 दिल्ली-बरेली पैसेंजर का संचालन गुरुवार से शुरू कर दिया गया है। दरअसल, रेलवे ने इस ट्रेन को कोहरे के चलते 28 फरवरी तक निरस्त कर दिया था। लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद गुरुवार से इस ट्रेन का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया। ट्रेन की समय सारणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पैसेंजर गाड़ी के संचालन से बरेली, बदायूं और चंदौसी के यात्रियों को राहत मिलेगी।

### सेमेस्टर परीक्षाओं की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपीआरयू ने नई शिक्षा नीति से आच्छादित स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर 2025-26 की बाह्य प्रयोगात्मक एवं आंतरिक परीक्षाओं की तिथि बढ़ा दी है। अब बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी (गृहविज्ञान) आदि पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक व आंतरिक परीक्षाएं 15 फरवरी तक कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय ने सभी संबद्ध महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथि तक परीक्षाएं पूर्ण कर अंक समर्थ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। 15 फरवरी के बाद किसी भी दशा में अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे और अंक अपलोड न करने वाले महाविद्यालयों के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किए जाएंगे।

## पटेल की प्रतिमा का सिर ढका



यह अयूब खां चौराहे पर लगी सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का हाल है। प्रतिमा का चेहरा हरे रंग की चादर से ढक गया है। यह किसी की शरारत है या फिर हवा में उड़कर कोई चादर प्रतिमा के चारों ओर लिपट गई है। सामने जय श्रीराम लिखा पटका लटका हुआ और एक चुनरी भी लहरा रही है। सरदार पटेल की प्रतिमा की यह अपमानजनक स्थिति तब है जब चौराहे पर चौबीस घंटे पुलिस के जवान मौजूद रहते हैं, लेकिन किसी ने भी इसे हटाने की जहमत नहीं उठाई। ● अमृत विचार।

# जौहरपुर में अवैध कॉलोनी पर बीडीए टीम ने चलवाया बुलडोजर

**बरेली, अमृत विचार:** सीबीगंज के ग्राम जौहरपुर में बीडीए की टीम ने अवैध कालोनी पर कार्रवाई की। यहां माखन लाल साहू की ओर से दो हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखंडों का चिन्हांकन व बाउंड्रीवाल बनाकर निर्माण कराया जा रहा था। बीडीए की टीम ने बुलडोजर से अवैध निर्माण को जमींदोज करा दिया।

इस दौरान सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, अवर अभियंता संदीप कुमार आदि मौजूद रहे। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन ए ने कहा कि किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉटिंग करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना स्वीकृत मानचित्र के किया गया कोई भी निर्माण या प्लॉटिंग अवैध माना जाएगा व उसे ध्वस्त किया जा सकता है। नागरिकों से अपील है वे भवन या भूखंड खरीदने से पहले मानचित्र स्वीकृति की पुष्टि अवश्य कर लें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।



ग्राम जौहरपुर में अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करता बीडीए का बुलडोजर। ● अमृत विचार

# शहर में खुलेआम बेरोकटोक बिक और बन रहा खूनी मांझा

## जान जोखिम में डालने वाले मांझे की बिक्री, भंडारण और निर्माण पर रोक लगाने के कई बार जारी हुए आदेश, पर नहीं लगी रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जानलेवा चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और निर्माण पर रोक लगाने के आदेश कई बार जारी हुए, लेकिन मॉनिटरिंग और कार्रवाई के अभाव में बेअसर साबित हुए हैं। शहर से लेकर देहात तक खूनी मांझा बेखौफ बेचा ही नहीं जा रहा है, बल्कि पतंग उड़ाने में उसका इस्तेमाल भी हो रहा है। एनजीटी के आदेश के बाद संयुक्त सचिव की ओर से डीएम, एसएसपी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों को जारी पत्र के आधार पर जिले में 27 जनवरी से चाइनीज मांझा एक बार फिर प्रतिबंधित कर दिया गया है, लेकिन अब देखना होगा कि हालिया आदेश कितना कारगर होगा।

लखनऊ के हैदरगंज ओवरब्रिज पर बुधवार को चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गर्दन कटने से एमआर शोएब की मौत के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्ती दिखाई है। हालांकि बरेली भी ऐसा शहर बन गया है जहां आए-दिन शहर के चौपुला पुल, शहामतगंज पुल, हार्टमन पुल, कुदेशिया पुल पर खूनी मांझे से किसी की गर्दन तो किसी की नाक कट रही है। बाकरगंज क्षेत्र में एके-47, आसमानी धमाका, आरडीएक्स और खूनी मांझा के नाम से चोरी छिपे तमाम कारीगर जानलेवा मांझा तैयार करते हैं। इस पर रोक लगाने के आदेश तो कई बार हुए हैं, लेकिन असर नहीं हुआ है। एनजीटी के आदेश पर 27 जनवरी को बरेली सहित पूरे प्रदेश में सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन डोरी एवं चाइनीज मांझे के निर्माण, भंडारण, उपयोग एवं बिक्री पर रोक लगाई गई, लेकिन फिलहाल यह रोक कागजी ही दिख रही है। इससे पहले 2015 व 2017 में आदेश जारी कर डीएम, एसएसपी को चाइनीज मांझा को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए थे। कहा गया था कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पतंग उड़ाने के लिए सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाइनीज मांझे के निर्माण, भण्डारण, उपयोग एवं बिक्री को उससे होने वाली दुर्घटनाओं के दृष्टिगत प्रतिबंधित किया गया। प्रमुख सचिव गृह की ओर से निर्देशों के अनुपालन में कार्रवाई करने के लिए पत्राचार किया गया। 6 जून 2018 को भी आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाने के लिए की गई कार्रवाई का ब्योरा देने के निर्देश दिए गए थे। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी रोकथाम के लिए पत्राचार किया, लेकिन सिंथेटिक मांझा, सीसा लेपित, नायलॉन पतंग डोरी एवं चाइनीज मांझे के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर रोक नहीं लगायी जा सकी।

**40 हजार परिवार जुड़े, देश-दुनिया में बिकता है बरेली का मांझा:** बरेली: बरेली शहर के बाकरगंज, किला छावनी, अशरफ खां की छावनी सहित कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां पर जानलेवा मांझा तैयार हो रहा है। हालांकि कुछ ऐसे भी कारीगर हैं जो कॉटन धागे में जयपुर से पत्थर पाउडर व जड़ी-बूटी को मिक्स कर मांझा बनाते हैं, लेकिन इस तरह का मांझा बनाने वाले वे लोग हैं जो 40 साल से कारोबार कर रहे हैं। बरेली का मांझा देश-दुनिया में बिकता है। राज्य के सभी जिलों के अलावा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, बंगाल आदि राज्यों के साथ फ्रांस, दुबई में भी मांझा जाता है।



बाकरगंज क्षेत्र में जांच करते पुलिस -प्रशासनिक अफसर। ● अमृत विचार

### चाइनीज मांझा बेचने पर सख्ती, पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने कई जगह की छापेमारी

- **मुख्यमंत्री के कड़े तेवर देखकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट, अफसरों ने की चेकिंग**

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तेवर कड़े होते ही चाइनीज और शीशा युक्त मांझे की धरपकड़ के लिए पुलिस प्रशासन की टीमें अलर्ट हो गई। एडीएम सिटी और एसपी सिटी ने गुरुवार को बाकरगंज समेत शहर के कई इलाकों में चाइनीज मांझे को पकड़ने के लिए छापेमारी की। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर चाइनीज मांझा बेचते पाए गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ के बाजार खाला में चीनी मांझे में फंसकर युवक की मौत के बाद योगी सरकार ने सख्त निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से मौत को हत्या बताते हुए इसकी बिक्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जिले में पुलिस और प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गई। एसपी सिटी मानुष पारीक, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीओ सोनाली मिश्रा ने किला क्षेत्र के बाकरगंज इलाके में चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। एसपी सिटी ने दुकानों पर निरीक्षण करके मांझा चेक किया। अभियान के दौरान पुलिस ने उन दुकानदारों को चिन्हित किया जो चोरी-छिपे प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहे थे। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि प्रतिबंधित मांझा बेचने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। चाइनीज माझा बेचने वालों पर सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज होगा। वहीं, एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में चाइनीज मांझे की धरपकड़ के लिए बाकरगंज क्षेत्र में चेकिंग की गई। मांझा बनाने वाले अड्डों पर भी जाकर देखा गया। दुकानदारों से कहा गया कि चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध है। बेचने या बनाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### चाइनीज व शीशा लेपित मांझा बनाने वालों पर आठ दिन पहले हुई थी कार्रवाई

**बरेली :** किला थाना पुलिस ने 27 जनवरी को चाइनीज मांझा के चार सौदागरों को पकड़ा था। चार चाइनीज मांझे की चरखी बरामद हुई। बाकरगंज निवासी अब्दुल रजा, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद अजीम और उवैश खां को पकड़ा। बाहर से चाइनीज मांझा खरीदकर लाकर बरेली में महंगे दाम पर बेचने की बात कबूली थी। वहीं, छीपीटोला निवासी मुशाहिद को गिरफ्तार कर मांझे को धार देने के लिए शीशे के चूरे का इस्तेमाल कर मांझा बनाते हुए पकड़ा था। छावनी में स्थित गीता देवी की बगिया में आरोपी पकड़ा। शीशा लेपित आठ चरखी बरामद की थी।

### एक साल पहले गंधक-पोटाश व कांच मिक्स कर मांझा बनाते समय हुआ था विस्फोट

**बरेली :** एक साल पहले यानि 7 फरवरी 2025 को बाकरगंज में अवैध मांझा फैक्ट्री में गंधक, पोटाश और कांच मिलाकर मांझा धार देने की प्रक्रिया के दौरान हुए विस्फोट हुआ था। इसमें फैक्ट्री मालिक अतीक और दो कारीगरों (फैजान, सरताज) की मौत हुई थी। इस घटना के बाद यह खुलासा हुआ कि बरेली में खूनी मांझा तैयार हो रहा है जो जान के लिए ज्यादा खतरनाक है। घटना के बाद कई दिनों तक पुलिस ने मांझा कारीगरों, बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया लेकिन खूनी मांझे पर पूर्णतः रोक नहीं लग सकी।

## शहर में आज

- रोटरी क्लब आफ बरेली की ओर से बजट-2026 पर चर्चा बरेली क्लब डांस हाल में शाम 8 :30 बजे।
- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से वर्कशाप होटल कासा डिवाइन पीलीभीत बाईपास रोड में शाम 5 बजे।
- मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर लता के गीतों का कार्यक्रम कहरवान स्थित कार्यालय के सभागार में शाम 4 बजे।
- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी और स्वयं सेवक फिनिक्स मॉल के पीवीआर में गोदान फिल्म का शो देखेंगे पूर्वाह्न 11 बजे से 2 बजे तक।

# सख्ती सिर्फ दिखावा, ठेंगा दिखा रहीं विज्ञापन एजेंसियां

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में अवैध रूपटॉप और विज्ञापन पट्टों की भरमार है, लेकिन निगम का रवैया सिर्फ दखलंदाजी करने का नहीं, बल्कि कानून को ठेंगा दिखाने का है। जांच में पता चला है कि शहर की दस बड़ी विज्ञापन एजेंसियां बिना किसी अनुमति के 64 अवैध रूपटॉप और विज्ञापन पट्टे लगाए हुए हैं। अब नगर आयुक्त के निर्देश पर इन एजेंसियों से दो वर्षों का विज्ञापन शुल्क और जुर्माना वसूलने के लिए प्राथमिक दर्ज करवाने की बात कही जा रही है।

विज्ञापन प्रभारी राजीव कुमार राठी का कहना है नगर निगम की टीम यूनिपोल, कैन्टिलीवर सिंगल पोल, बस क्यू शेल्टर आदि की जांच कर रही है। इस दौरान जांच में पता चला है कि एडटेक प्रिंट एंड मीडिया प्रा.लि के 10, इम्पेक्ट के 11, प्रकाश आर्ट स्टूडियो के 26, एचआर पब्लिसिटी के 7, एडमेकर के 4 रुफटॉप, आदित्य के 2, मोहसिन, मोनिका और मीडिया आउटडोर के एक-एक रूफटॉप शामिल हैं। इन ऐड एजेंसियों ने पिछले दो सालों में नगर निगम को टैक्स के रूप में कोई पैसा नहीं दिया है। अब इनके खिलाफ वसूली की तैयारी हो रही है। उधर, विभागीय सूत्र बताते हैं कि निगम के कुछ अधिकारी और एजेंसियां मिलकर निगम को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं।

# अलंकार के विरुद्ध आरोप पत्र डीएम शामली को भेजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **शासन स्तर से अनुमोदन मिलने के बाद जांच अधिकारी कमिश्नर ने आरोप पत्र भेजा**

**अमृत विचार :** संतों के अपमान और यूजीसी के नए कानून का विरोध करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले निलंबित सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के विरुद्ध आरोप पत्र शामली के जिलाधिकारी को भेज दिया गया। जिलाधिकारी की ओर से तैयार किए गए आरोपपत्र को पहले शासन स्तर से अनुमोदित किया गया। इसके बाद चर्चित प्रकरण में जांच कर रहे कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की ओर से गुरुवार को आरोपपत्र शामली डीएम को भेजा गया है।

दरअसल, निलंबित पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री पर आरोप लगो हैं कि शासन स्तर से इस्तीफा स्वीकार होने से पहले उन्होंने एडीएम कंपाउंड सरकारी आवास से जातिगत और राजनीतिक बयानबाजी कर सरकारी सेवक नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और बिना अनुमति भीड़ जुटाकर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी की। शांति और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की थी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर अलंकार अग्निहोत्री ने सिटी मजिस्ट्रेट पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, डीएम को ई-मेल के जरिए भेजने के बाद सरकारी आवास से पोस्टर लहराकर यूजीसी व संतों के अपमान के विरोध में केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। दो दिन तक अफसरों ने अलंकार को समझाने का प्रयास किया था। 26 जनवरी की रात डीएम से मिलने के बाद उन्होंने अफसरों पर कई आरोप लगाए। इसके बाद शासन ने देर रात उन्हें निलंबित कर शामली डीएम कार्यालय से संबद्ध कर दिया था। साथ ही कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी को जांच अधिकारी नामित किया।

# टैक्स के 59.18 करोड़ दबाए बैठे आईवीआरआई को निगम का अल्टीमेटम

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- **सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक टैक्स जमा कराने के आदेश**
- **नगर आयुक्त ने निदेशक से बकाया टैक्स पर आपत्ति को लेकर प्रत्यावेदन भी मांगा**

**अमृत विचार :** नगर निगम ने शहर के सबसे बड़े बकायेदारों में शामिल भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। निगम ने संस्थान पर बकाया टैक्स के 59.18 करोड़ रुपये मौजूदा वित्तीय वर्ष में ही जमा करने के लिए सख्त नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद हुई है। इसके बाद संस्थान में खलबली मची हुई है।

दरअसल, नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार लंबे समय से करोड़ों रुपये दबाए बैठे आईवीआरआई को पहले कई नोटिस भेजे गए, लेकिन संस्थान ने इसका कोई ध्यान नहीं दिया और टैक्स माफी के लिए कोर्ट के चक्कर लगाता रहा। आईवीआरआई ने 2007 में हाईकोर्ट में केस हारने के बाद सुप्रीम कोर्ट में यह तर्क लगाया कि संस्थान केंद्र सरकार के अधीन है और निगम का अधिकार नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने इस बहाने को ठुकरा दिया और स्पष्ट किया कि टैक्स अदा करना ही पड़ेगा। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने कहा कि 21 जनवरी को आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 तक के बकाया टैक्स की गणना कर 59.18 करोड़ रुपये तय किए हैं।

आईवीआरआई के निदेशक को पत्र भेजकर कहा गया है कि चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरी राशि सरकारी कोष में जमा कराई जाए। जारी नोटिस में यह भी साफ किया गया कि अगर संस्थान को किसी बिल या बकाया राशि पर आपत्ति है, तो वह सबूतों के साथ प्रत्यावेदन दे सकता है।

कोर्ट की तरफ से आईवीआरआई को चार सप्ताह की मोहलत दी गई है। इसके बाद भी समय पर जवाब न मिलने या भुगतान न होने पर निगम वैधानिक कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटेगा। इधर, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार आईवीआरआई को बकाया राशि अब जमा करना ही होगा। उन्होंने यह भी बताया कि चूंकि आईवीआरआई निगम के बड़े बकायेदारों की सूची में शामिल है। ऐसे में यह राशि जमा होने के बाद निगम के राजस्व में वृद्धि होगी।

उम्मीद

नए वित्तीय वर्ष से लागू होगा 16वां वित्त आयोग, शासन से मिलने वाला अनुदान नौ प्रतिशत बढ़ने की संभावना

# नगरीय विकास पर अब ज्यादा खर्च कर सकेगा नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पहले मिलती थी 36 फीसदी धनराशि, अब बढ़कर होगी 45 फीसदी**
- **शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में खर्च होगी धनराशि**

**अमृत विचार :** नए वित्तीय वर्ष के साथ ही 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होने जा रही हैं, जिससे नगर निगमों की तिजोरी में ज्यादा धन आने की संभावना बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार, मौजूदा 15वें वित्त आयोग के मुकाबले नए वित्त आयोग से निगम को करीब 9 फीसदी अधिक धनराशि मिलगी। यह राशि नगर निगमों के आधारभूत ढांचे को सुधारने और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में खर्च की जाएगी। नई किस्त अप्रैल से आरंभ होने जा रहे नए वितीय वर्ष के बाद जारी होगी।

नगर निगम के अधिकारी बताते हैं कि केंद्र सरकार राज्यों के जरिये नगर निकायों की मदद के लिए अनुदान के तौर पर यह रकम देती है। मौजूदा वित्त आयोग की सिफारिशों के जरिये शहरी निकायों को स्थानीय निकाय निधि में केवल 36 फीसदी धनराशि दी जाती थी, लेकिन नए वित्त आयोग में इस रकम को बढ़ाया गया है। इसके तहत शहरी निकायों को स्थानीय निकाय निधि से 45 फीसदी धनराशि दी जाएगी। इस बदलाव का प्रत्यक्ष लाभ नगर निगम, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को सीधे लाभ होगा। यूपी में अभी 15वें वित्त आयोग के जरिये करीब 65 करोड़ रुपये सालाना मिलता है। इस बार यूपी की करीब 1.16 लाख करोड़ का आवंटन हुआ है। यह राशि नगरों में सीवर और ड्रेनेज प्रणाली को सुधारने, कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने, सड़कों का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, पार्कों और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के विकास में खर्च की जा सकेगी। साथ ही इस धनराशि का इस्तेमाल शहरों को हरित और स्वच्छ बनाने, नागरिक सुविधाओं को आधुनिक बनाने और नगरवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने में किया जाएगा।



### परफॉर्मेंस पर मिलेगा नगर निगम को पैसा

16वें वित्त आयोग में सिर्फ अवार्ड के आधार पर नहीं कामकाज की परफॉर्मेंस के अनुसार अनुदान दिया जाएगा। नए नियमों के मुताबिक समय से आडिट कराया जाना, टैक्स वसूली में सुधार, ऑनलाइन लेखा प्रणाली, पैसों का योजनाओं में सही इस्तेमाल के आधार पर अनुदान राशि का आवंटन होगा।

> नए वित्तीय वर्ष में यह किस्त मिलेगी। इनमें कितना पैसा मिलेगा, यह साफ नहीं है। जब किस्त मिलेगी तभी स्थिति साफ होगी। दावा किया कि नए वित्त आयोग की सिफारिशों से जहां शहरों की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को मजबूती मिलेगी। वहीं, स्थानीय निकायों को अपने क्षेत्र में दीर्घकालिक सुधार करने के लिए पर्याप्त संसाधन मिलेंगे।
>
> -संजीव कुमार मौर्य, नगर आयुक्त



# कोर्ट के आदेश पर फरार आरोपी के घर कुर्की नोटिस चस्पा

**बरेली/फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बरेली के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, न्यायालय संख्या-4 के आदेश पर गुरुवार को थाना पुलिस ने लगातार फरार चल रहे गांव औंध के रामदुलारे के घर पर कुर्की आदेश नोटिस चस्पा किया है। पुलिस के अनुसार न्यायालय द्वारा जारी नोटिस तामील करने के लिए कई बार प्रयास गया, लेकिन आरोपी रामदुलारे अपने आवास पर नहीं मिले। इससे कोर्ट ने माना रामदुलारे जान बूझकर न्यायालय की कार्रवाई से बचने को फरार है। कोर्ट ने कुर्की का आदेश जारी कर दिया। गुरुवार को बरेली क्राइम इंस्पेक्टर रामसेवक ने स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। गांव में मुनादी कराकर लोगों को सूचित किया गया कि यदि निर्धारित तिथि तक आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है। उसके घर में मौजूद चल एवं अचल संपत्ति की कुर्की कर ली जाएगी।




## स्मैक तस्कर ने कबूला जुर्म, 8 माह 15 दिन की कैद


**बरेली, अमृत विचार :** स्मैक तस्कर उत्तराखंड के पौढ़ी गढ़वाल के कोटद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दपुर निवासी सुमित बिष्ट ने अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय राघवेन्द्र मणि के समक्ष जुर्म कबूल कर लिया। अदालत ने 8 माह 15 दिन के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने 20 मई 2025 को जंक्शन के सामने पानी की टंकी के पास मनोरंजन सदन से सुमित को पकड़ा था। तलाशी में 14 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी।

# आईटीआई छात्र को गोली मारने वाला पुलिस मुठभेड़ में घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने चेकिंग के दौरान रोका तो कर दी फायरिंग, साथी भी गिरफ्तार
- मोबाइल फोन लूटने का विरोध करने पर छात्र को मार दी थी गोली

**अमृत विचार :** प्रेम नगर क्षेत्र में मोबाइल फोन लूटने का विरोध करने पर आईटीआई छात्र को गोली मारने वाले आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी पैर में गोली लगने पर जख्मी हो गया है। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।


गिरफ्तार मनोज।

प्रेम नगर क्षेत्र में बुधवार की रात बाइक सवार दो बदमाशों ने आईटीआई के छात्र राहुल गंगवार का मोबाइल और चेन लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर छात्र को गोली मारकर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रेम नगर पुलिस गुरुवार की देर रात वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने बाइक सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया तो वह कुदेसिया फाटक की ओर भागने लगे। इसकी सूचना इज्जत नगर एवं बारादरी पुलिस को दी गई। पीछा करने पर आरपीएफ बैरक के पास रेलवे लाइन किनारे बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस पर पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की जिससे उदय ठाकुर के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके साथी मनोज भास्कर को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। क्षेत्राधिकार नगर प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि छात्र को गोली मारने वाले दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से जख्मी हो गया है।


पुलिस मुठभेड़ में घायल आईटीआई छात्र को गोली मारने वाला आरोपी।

## गैंगस्टर को 2 वर्ष कैद, 5 हजार जुर्माने की सजा

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** जीआरपी थाने के गैंगस्टर थाना ऊधमसिंह नगर जनपद के खटीमा क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी मो. रजा को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट तबरेज अहमद ने 2 वर्ष कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि जीआरपी ने मो. रजा पर संगठित गिरोह बनाकर चोरी करना व चोरी का माल कब्जे में रखने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत 16 मार्च 2019 को कार्रवाई की थी।

# गाड़ी ट्रांसफर की पोल खुलने पर हड़कंप

### ट्रैवल एजेंट की मौत के बाद जांच नहीं की, एजेंट की पत्नी ने देवर और अज्ञात कर्मियों पर दर्ज कराई है रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन कार्यालय का यह हाल है कि यहां नियमों की नहीं, बल्कि दलालों की चलती है। ताजा मामला इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां एक ट्रैवल एजेंट की मौत के पूरे एक साल बाद उसकी कार उसके भाई के नाम ट्रांसफर कर दी गई।

न किसी को मौत दिखी, न दस्तावेजों की जांच जरूरी समझी गई। बस फाइल चली, दस्तखत हुए और गाड़ी ट्रांसफर हो गई। जैसे यह कोई सामान्य औपचारिकता हो। एडीजी के आदेश पर जब बुधवार को कैंट थाने में ट्रैवल एजेंट के भाई और परिवहन विभाग के अज्ञात कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज हुई तो आरटीओ कार्यालय में हड़कंप मचा है। यह मामला सिर्फ गाड़ी ट्रांसफर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम की पोल खोल रहा है। यह घटनाक्रम पांच साल पुराना है, इसलिए पटल सहायक से लेकर तत्कालीन एआरटीओ तक की भूमिका संदिग्ध है। आरटीओ कार्यालय के बाहर खुलेआम बैठे दलाल हर काम की गारंटी देते हैं-चाहे वह गाड़ी ट्रांसफर हो, परमिट हो या लाइसेंस। अधिकारी सिर्फ हस्ताक्षर करने तक सीमित रह जाते हैं, मानो नियमों से उनका कोई लेना-देना ही न हो। इस प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने के बाद विडंबना यह है कि विभागीय अधिकारी इसे पुराने अधिकारियों और कर्मचारियों की करतूत बताकर खुद को पाक-साफ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो सिर्फ बाबू ही नहीं, बल्कि तत्कालीन एआरटीओ और जिम्मेदार अफसरों तक आंच आना तय है। फिलहाल आरटीओ में हालात यही है-यहां सब चलता है, बस नियम नहीं चलते।



- पटल सहायक से लेकर तत्कालीन एआरटीओ तक शक के दायरे में आए
- तत्कालीन कर्मियों की लापरवाही बताकर मामले में पल्ला झाड़ रहे अफसर

#### यह है मौत के बाद गाड़ी ट्रांसफर का नियम

मोटर वाहन अधिनियम के तहत किसी वाहन स्वामी की मृत्यु के बाद गाड़ी का ट्रांसफर तय कानूनी प्रक्रिया के अनुसार ही किया जा सकता है। नियमों के मुताबिक, वाहन मालिक की मृत्यु होने पर उसके कानूनी उत्तराधिकारी को निर्धारित समय के भीतर आरटीओ में आवेदन देना होता है। इसके लिए मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र या सक्षम न्यायालय की ओर से जारी वारिसान प्रमाण-पत्र, वाहन के मूल दस्तावेज, बीमा और पहचान संबंधी कागजात अनिवार्य होते हैं। यदि एक से अधिक उत्तराधिकारी हों, तो सभी की सहमति जरूरी मानी जाती है। बिना इन दस्तावेजों के न तो स्वामित्व बदला जा सकता है और न ही वाहन का वैध ट्रांसफर संभव है। नियम यह भी कहते हैं कि आरटीओ स्तर पर दस्तावेजों का सत्यापन किया जाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की शिथिलता, आंख मूंदकर हस्ताक्षर या अपूर्ण जांच न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। यही वजह है कि नियमों की अनदेखी कर किया गया ट्रांसफर सीधे तौर पर फर्जीवाड़ा माना जाता है।

#### फर्जी ट्रांसफर पर एआरटीओ की अजीब दलील

एआरटीओ प्रशासन डा. पीके सरोज का कार ट्रांसफर फर्जीवाड़े पर तर्क सिस्टम की लापरवाही पर तंज बनकर खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि मामला संज्ञान में आते ही गाड़ी को काली सूची में डाल दिया गया है, जिससे जांच पूरी होने तक आगे कोई ट्रांसफर नहीं हो सकेगा। साथ ही इसे पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताते हुए यह दलील भी दी गई कि संभव है ट्रैवल एजेंट और उसके भाई की शक्ल आपस में मिलती-जुलती हो, इसलिए वाहन सीन करते समय गंभीरता से पकड़ नहीं हो सकी। सवाल यह है कि क्या परिवहन विभाग में पहचान दस्तावेजों की जगह शक्ल-सूरत से काम होता है? 'शक्ल मिलना' जैसी दलीलें यह साफ कर रही हैं कि नियम नहीं, बहाने सिस्टम चला रहे हैं। विवेचक के आने पर सहयोग का दावा भी महज औपचारिकता लगता है।

## दबंगई : प्रसाद नहीं पहुंचाने पर हिस्ट्रीशीटर ने आयोजक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

- पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मंदिर पर हुए श्री राम चरित मानस पाठ का प्रसाद गांव के ही दबंग हिस्ट्रीशीटर के घर नहीं पहुंचाया तो आयोजक के घर में घुस कर उसकी जमकर पिटाई करके जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित अब दहशत में हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत दो लोगों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर ग्राम प्रधान के साथ ही सत्ता पक्ष के पूर्व सांसद के अधिवक्ता बहनोई पर हमला कर उनके घर को बम से उड़ाने की धमकी दे चुका है।

सीबीगंज के गांव ठिरिया ठाकुरान निवासी रुद्रपाल सिंह पुत्र राममूर्ति सिंह ने बताया कि उसके घर के ही सामने शिव मंदिर है। माघ पूर्णिमा के अवसर पर एक फरवरी को शिव मन्दिर पर श्रीरामचरित मानस का पाठ हुआ था। इसके बाद प्रसाद वितरण व कन्याभोज आयोजित हुआ था। उसी दिन रात्रि में करीब आठ बजे गांव का ही दबंग हिस्ट्रीशीटर शिवकुमार सिंह उर्फ गब्बर पुत्र बादाम सिंह और इंद्रपाल सिंह पुत्र चिरौंजी सिंह तमंचा तथा लाठी लेकर गली गलौज करते हुए उनके घर घुस आए। घर में घुसकर कहा कि भंडारा उसके लोगों क्यों नहीं खिलाया और घर क्यों नहीं पहुंचाया। आरोप है कि गाली गलौज करते हुए उसने कहा कि जब भी मंदिर पर कोई कार्यक्रम होगा पहले उसके लोगों को खिलाया जाएगा फिर उसके घर प्रसाद पहुंचाया जाएगा। ऐसा न करने पर परिणाम बुरा होगा। इस पर उसने कहा मेहमान आए हुए हैं, गाली गलौज मत करो। मंदिर पर रामचरित मानस पाठ के बाद सिर्फ कन्या भोज कराया है, भंडारा नहीं किया है। इस पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसे किसी तरह से बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।




## गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर ठगे 1. 48 लाख

- महिला की तहरीर पर कैंट पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** मुकदमे में पुलिस की गिरफ्तारी से बचाने नाम पर महिला और उसके पति से 1. 48 लाख रुपये ऐंठ लिए, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। इसके बाद पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कांधरपुर निवासी लीलावती ने बताया कि पति देवराम उर्फ बंटी के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस उनके पति की तलाश कर रही थी। महिला ने बताया कि पति गिरफ्तारी के डर से गनेशपुर थाना सिरौली में रहने वाले रिश्तेदार के घर चले गए थे। महिला का आरोप है कि इसी बीच सिरौली के रहने वाले तरुण सिंह से उसकी मुलाकात हुई। उसने कहा कि उसकी बड़े नेताओं से अच्छी सेटिंग है। वह रुपये देने पर उसके ऊपर दर्ज मुकदमा खत्म करा देगा। उसकी बातों में आकर 4 सितंबर 2025 को 48 हजार, 200 हजार, रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए। पैसे देने के बाद भी पुलिस की दबिश लगातार जारी रहीं। आरोप है कि डरा धमकाकर तरुण ने एक लाख रुपये और ले लिए।

**युवक के खाते से कट गए पांच लाख रुपये, रिपोर्ट**

**बरेली :** फाइक एंक्लेव निवासी मोहम्मद अहमद ने बताया कि 21 जनवरी को योनो एसबीआई से अपना अकाउंट स्टेटमेंट निकालना चाह रहा था। किसी वजह से उसका स्टेटमेंट नहीं निकला। उसके बाद एक कॉल आई, जिसमें कहा गया कि आपका योनो एसबीआई एप बंद हो गया है। उसे एक्टिव रखने के लिए मोबाइल नंबर मांगा गया। 22 जनवरी को खाता चेक किया, तब पता चला कि उसके खाते से पांच लाख रुपये निकाल लिए गए हैं।

## कनेक्शन के बजाय सीधे जोड़ी लाइन संविदा लाइनमैन की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुपये लेकर महिला का कनेक्शन नहीं कराया
- सीधे तार खींचकर बिजली सप्लाई शुरू करा दी

**अमृत विचार :** बिजली विभाग के एक संविदा लाइनमैन ने महिला से रुपये लेकर उसका कनेक्शन नहीं कराया। जबकि सीधे तार डालकर बिजली चालू कर दी। मामले की शिकायत मध्यांचल के एमडी से की गई। मुख्य अभियंता को जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता और एक्सईन ने मौके पर पहुंचकर जांच की। आरोप सही पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता ने संविदा लाइनमैन की सेवा समाप्त कर दी।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के फरीदापुर चौधरी निवासी तररन्नुम पत्नी समीउद्दीन ने मध्यांचल की एमडी रिया केजरीवाल के वाट्सएप पर शिकायत भेजते हुए कहा कि उन्होंने घर पर घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि इज्जतनगर सबस्टेशन पर तैनात संविदा लाइनमैन मुजाहिद ने कनेक्शन देने के नाम पर 3500 रुपये ले लिए और कहा कि एक सप्ताह में कनेक्शन हो जाएगा। काफी समय बीत जाने के बाद भी कनेक्शन नहीं हुआ।

फोन करने पर संविदा लाइनमैन बहाने बनाता रहा। बाद में लाइनमैन ने बिना मीटर लगाए ही सीधी लाइन जोड़ दी। मामले में एमडी ने बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश को जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्य अभियंता के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह और अधिशासी अभियंता ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जिसमें आरोप सही पाए गए। उसके बाद अधीक्षण अभियंता ने संविदा लाइनमैन मुजाहिद की सेवा समाप्त कर दी।

#### मीटर लगाने के नाम पर वसूले पैसे, फंसा कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ता से पैसे वसूलने वाला कर्मचारी अब फंस गया है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रेमनगर थाने में तहरीर दी गई है। शहर में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी इंटेली स्मार्ट के जोनल मैनेजर लुकमान खान ने बताया कि उनकी कंपनी शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। कंपनी की तरफ से मीटर निशुल्क लगाए जा रहे है। एसडीओ अभिषेक रावत ने 4 फरवरी को खराब मीटर बदलने की सूचना कंपनी को दी। इसके बाद तकनीशियन आदेश पाल उर्फ बबलू को मीटर बदलने के लिए भेजा गया, लेकिन उसने उपभोक्ता से तार और मीटर बदलने के नाम पर 6400 रुपये वसूल लिए। कंपनी की जानकारी में मामला आते ही उपभोक्ता के रुपये वापस कराकर आरोपी को काम से रोककर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रेमनगर थाने में तहरीर दी है।

सड़क सुरक्षा

मंडलायुक्त ने महत्वपूर्ण मार्गों पर एंबुलेंस तैनाती और त्वरित इलाज की व्यवस्था के दिए निर्देश

# सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए रोडमैप तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडलायुक्त सभागार में हुई मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक
- मंडलायुक्त ने शून्य मृत्यु जिला कार्यक्रम की समीक्षा कर दिए निर्देश

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को आयुक्त सभागार में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। शून्य मृत्यु जिले (जीरो फेटालिटी डिस्ट्रिक्ट) कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों में सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त कर ठोस रोडमैप तैयार के बारे में बताया।

बैठक में सड़क इंजीनियरिंग सुधार, प्रभावी प्रवर्तन, जन-जागरूकता, त्वरित चिकित्सा सेवाएं और आंकड़ा आधारित प्रबंधन पर चर्चा हुई, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने जीवन बचाओ फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किए गए महत्वपूर्ण मार्गों की जानकारी देते हुए बताया कि इन मार्गों पर त्वरित चिकित्सा सुविधा और एम्बुलेंस तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक यातायात अकमल खा ने बताया कि 22 विशेष टीमों का गठन किया है, जो महत्वपूर्ण मार्गों पर वाहनों को होल्डिंग क्षेत्र तक पहुंचाने, अवैध पार्किंग हटाने और दुर्घटना जांच सुनिश्चित करने का कार्य करेंगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि अब ढिलाई और अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर विभाग को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य निभाने होंगे। मंडलायुक्त ने सड़क सुरक्षा को निर्देश दिए कि सभी ढाबों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और निर्माण स्थलों पर मानक अनुरूप संकेतक बोर्ड लगाए जाएं और संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रबंधकीय शल्य चिकित्सा कक्ष की व्यवस्था की जाए। पीलीभीत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-730 को चौड़ा करने के लिए राष्ट्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को चिकित्सा विज्ञान में प्रशिक्षण प्राप्त कराने के प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को बेहतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। ग्राम स्तर पर गति अवरोधक निर्माण, संकेतक बोर्ड और जागरूकता अभियान चलाने के मंडल के सभी जिलों के परिवहन अधिकारियों को निर्देश जारी किए।बैठक में मंडल के चारों जिलों के पुलिस, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य आदि विभाग के अधिकारी शामिल थे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी। • अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### मौलाना शहाबुद्दीन ने योगी को बताया सर्वश्रेष्ठ सीएम

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि देश के विभिन्न प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के परिपेक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री को देखें तो उनके काम करने का तौर तरीका अलग ही नजर आएगा। आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत कुमार बिस्वा ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठते ही 1200 मदरसों पर ताले लगवा दिये, मदरसा शिक्षा को खत्म कर दिया। मौलाना ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुसलमानों को चिढ़ाने के लिए सामान्य नागरिक संहिता कानून लागू किया। वहीं, इन दो मुख्यमंत्रियों के मुकाबले में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों को देखें तो उन्होंने मुसलमानों को कभी भी टारगेट नहीं किया। योगी ने किसी मदरसे पर ताला नहीं लगवाया, और न ही किसी मजार पर बुलडोजर चलवाया। योगी के शासन काल की एक खूबी यह भी है कि कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त है। पूरा प्रदेश दंगा मुक्त है।

### अफीम तस्करी के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**बरेली, अमृत विचार :** अफीम तस्करी के आरोपी बदायूं के थाना बिसौली के ग्राम खजुरिया निवासी ज्ञान सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश कु. अफशां ने खारिज कर दी। एनसीबी के वकील घनश्याम द्विवेदी ने बताया कि 10 फरवरी 2025 को एनसीबी को सूचना मिली कि छोटू उर्फ भुईया अपने काले रंग के बैग में भारी मात्रा में अवैध अफीम लेकर बरेली देने जा रहा है। फरीदपुर टोल प्लाजा से टीम ने छोटू को पकड़ लिया।

### ससुराल आए युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली/भोजीपुर, अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव दभौरा खंजनपुर के पास नामकरण संस्कार में शामिल होने ससुराल आये युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शौंप दिया। मृतक करन सिंह पुत्र पप्पू निवासी निवासी ग्राम लोहार नगला फतेहगंज पश्चिमी, 3 फरबरी को यहां ससुराल में एक नामकरण संस्कार में शामिल होने आया था। गुरुवार को उसे अपने घर लौटना था। घर में उसकी विदाई की तैयारियां चल रही थीं, तभी शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था। दोपहर करीब 1:40 बजे रेल मार्ग पर 3-सी फाटक के पास 15044 काठगोदाम-लखनऊ एक्सप्रेस गुजर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक फाटक पर खड़ा था। इससे वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा : मंडलायुक्त

## कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करके विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समीक्षा करते कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कमिश्नर एवं एसआईआर के रोल प्रेक्षक भूपेन्द्र एस. चौधरी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की समीक्षा की। कमिश्नर ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से काटा नहीं जाएगा।

कमिश्नर ने कहा कि बैठक बुलाने का मकसद सिर्फ यह जानना था कि राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और ईआरओ के साथ आपसी संवाद तथा समन्वय हो रहा है या नहीं। समीक्षा में पाया गया कि आप लोगों के मध्य आपसी संवाद बना है। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने बूथवार फार्म 6, 7 व 8 कितनी संख्या में प्राप्त हो रहे हैं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिससे वह भी अपने स्तर पर समीक्षा कर सकें। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि पूरा कार्य पारदर्शी तरीके से हो रहा है और सभी को सूचना उपलब्ध कराई जाएगी। एएसडी में यदि कोई फार्म भरने से रह गया है या जो नवयुवा 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनके फार्म-6 भरवाए जाने पर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, कांग्रेस नेता अजय शुक्ला के अलावा सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**जिले के 3.58 लाख मतदाताओं के फार्मों में गड़बड़ी, जारी होंगे नोटिस :** मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तमाम निगरानी बरतने के बावजूद फार्मों में गड़बड़ियों की भरमार है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग से अब तक 358387 लोगों का त्रुटि पूर्ण डाटा आया है। इसमें एक ही व्यक्ति से 6-7 लोगों की मैपिंग होना, नाम में त्रुटि होना, माता-पिता व बच्चों की उम्र में मात्र 10-15 साल का अंतर होना आदि गड़बड़ियां शामिल हैं। इन पर भी नोटिस जारी होगा, इनकी सुनवाई के लिए 34 अतिरिक्त एईआरओ और नियुक्त किये जाएंगे।

**अब तक 1.78 लाख मतदाताओं को नोटिस तामील कराए गए :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर प्रकिया के दौरान 16 दिसम्बर 2025 तक ईआरओ ने 27 बैठकें राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कीं। जिला स्तर पर पांच बैठकें की गयी हैं। एएसडी की सूची पार्टी प्रतिनिधियों के साथ साझा की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दावा आपत्ति 6 फरवरी तक लिए जाएंगे और जारी नोटिसों की सुनवाई 27 फरवरी तक होगी। इसके लिए 133 एईआरओ को तैनात किया गया है। अब तक 1 लाख 78 हजार नोटिस लोगों को तामील कराया जा चुका है। फाइनल रोल 6 मार्च को आएगा।

### वृहद पुनरीक्षण में बीएलओ अनुराग आनंद प्रथम, मिलेगा दस हजार का इनाम

बरेली, अमृत विचार : पंचायत एवं नगरीय निकाय के जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण में ई-बीएलओ एप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की एंट्री करने पर सर्वोच्च आठ बीएलओ को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की है। जनपद स्तर मीरापुर ग्राम पंचायत के बीएलओ अनुराग आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनुराग को 10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बसंतपुर ग्राम पंचायत के बीएलओ को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 8 हजार रुपये, मीरापुर ग्राम पंचायत के बीएलओ लालाराम को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 6 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। बिथरी चैनपुर ग्राम पंचायत के बीएलओ मिथलेश कुमार, सुजातपुर ग्राम पंचायत के बीएलओ शफीउद्दीन, इटौआ सुखदेवपुर ग्राम पंचायत की बीएलओ ममता यादव, केसरपुर ग्राम पंचायत की बीएलओ शादाम कौसर, राई नवादा ग्राम पंचायत की बीएलओ मीना गंगवार को सांत्वना पुरस्कार में तीन-तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

### विशेष रोल प्रेक्षक ने समय सीमा में एसआईआर पूरा कराने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जनपद के लिए नामित विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने गुरुवार शाम एसआईआर की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें दावे और आपत्तियों, नो मैपिंग नोटिस, लॉजिकल विसंगति वाले मतदाताओं के नोटिस के साथ डाउनलोडिंग एवं प्रिंटिंग से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा की। निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्य पूरे कराने के निर्देश दिये। विशेष रोल प्रेक्षक ने फार्म- 6,7,8 की समीक्षा कर निर्देशित किया है कि फार्म-6, 7, 8 का निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, अधिक से अधिक फार्म-6 प्राप्त करने का प्रयास करें। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पीपीटी के माध्यम से विशेष रोल प्रेक्षक को एसआईआर प्रगति की जानकारी दी। बताया कि बरेली में 9 विधानसभाओं में 4 नवम्बर 2025 से एसआईआर का कार्य प्रारंभ हुआ। कार्य में 3499 बीएलओ, 359 सुपरवाइजर, 45 एईआरओ व 9 ईआरओ कार्य कर रहे हैं।

### जनपद में अभी तक 8.20 प्रतिशत मतदाताओं की हुई नो मैपिंग

डीएम ने विशेष रोल प्रेक्षक को बताया कि जनपद की सभी विधानसभाओं को मिलाकर 714753 एएसडी मतदाता चिह्नित हैं, जो कुल मतदाताओं का 20 .99 प्रतिशत है। विशेषकर विधानसभा 124 बरेली में 165207 ( 35 .25 ) प्रतिशत, विधानसभा 125 बरेली कैंट 134345 ( 35 .09 ) प्रतिशत एएसडी मतदाता चिह्नित है। विशेष अभियान चलाकर फार्म 6 भरवाने पर जोर दिया जा रहा है। अभी तक 8 .20 प्रतिशत नो मैपिंग की है। जिसके सापेक्ष 220711 मतदाताओं को नोटिस जारी करने की प्रकिया प्रचलित है, एडिशनल एईआरओं के रूप में 88 अधिकारियों की तैनाती की गई है। नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नोटिस शेड्यूल के साथ डाउनलोडिंग एवं प्रिंटिंग का कार्य प्रगति पर है। प्रत्येक सुनवाई के लिए अधिकतम 150 मतदाताओं को नोटिस जारी किये जा रहे हैं। जिनमें न्यूनतम एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है।

### धौरेरा माफी और कमुआ कलां की मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले मतदाता सूची का वृहद पुनरीक्षण कार्य कराया जा रहा है। पुनरीक्षण कार्य में पंचायत की मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा कर नाम शामिल करने की तमाम शिकायतें पहुंचने लगी हैं। ग्राम पंचायत धौरेरा माफी और कमुआ कलां की वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा होने की लिखित शिकायत मिलने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने जांच बैठाई है। एसडीएम सदर को जांच करने के लिए पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह को दोनों ग्राम पंचायतों की वोटर लिस्ट की जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

# खुले में शौच और शहर को कचरा मुक्त बनाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों पर क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित
- नगर निगम ने सफाई निरीक्षक और कर्मियों को दिया प्रशिक्षण



कार्यशाला में कंपोस्ट बनाने की विधि समझाती महिला कर्मी। ● अमृत विचार


शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करता कर्मी।

**अमृत विचार :** नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों में पूरी सक्रियता के साथ जुट गया है। गुरुवार को संजय कम्युनिटी हॉल में नगर आयुक्त संजीव कुमार के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित स्थलीय व्यवस्थाओं की समीक्षा और क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें सभी जोन के सफाई निरीक्षक, सफाई नायक, सफाई मित्र और डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह से जुड़े कर्मियों को प्रशिक्षित कर खुले में शौच मुक्त और गार्बेज फ्री सिटी बनाने से संबंधित मापदंडों, इंडिकेटर और सब-इंडिकेटरों की जानकारी दी गई।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानू प्रकाश सिंह ने सफाई और खाद्य निरीक्षकों को उनके दायित्व और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह ने फील्ड-लेवल पर कार्य निष्पादन में सुधार, टीम वर्क और बेहतर प्रदर्शन करने पर विशेष बल दिया। मुख्य सफाई निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह राठौर ने बताया कि यह कार्यशाला नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम की ओर से आयोजित की गई, जिसमें 300 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में नगर पालिका बहेड़ी, फरीदपुर और नगर पंचायत फरीदपुर के सफाई निरीक्षकों ने भी सहभागिता की। सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सकों की टीम ने सफाई मित्रों का रक्तचाप, मधुमेह, वजन और स्वास्थ्य परीक्षण किया। परामर्श के साथ निशुल्क दवाइयों की व्यवस्था भी की गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सर्वेक्षण की टूलकिट में शामिल मापदंडों का प्रभावी क्रियान्वयन, जमीनी स्तर पर समन्वय और निरंतरता बनाए रखना रहा।

# देशव्यापी हड़ताल की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कन्वेंशन में मौजूद विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


**अमृत विचार:** 12 फरवरी को 44 श्रम कानूनों, मनरेगा की बहाली की मांग को लेकर होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर विभिन्न संगठनों ने गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र में कन्वेंशन का आयोजन किया।

उत्तर प्रदेश खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के राजीव शान्त ने कहा कि केंद्र सरकार कारपोरेट जगत के हाथों की कठपुतली के रूप में काम कर आम मजदूर, खेत मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी की हड़ताल को व्यापक स्तर पर सफल बनाने का प्रस्ताव रखा। राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ चल रहे आंदोलन की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल के 42 जिले निजीकरण के हवाले करने जा रही है। जिसको लेकर लगातार विरोध किया जा रहा है। रामेश्वर पांडे ने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड लागू कर देने से मजदूर तबके के ऊपर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से बताया। दुर्गा देवी ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए हड़ताल में कम से कम तीस महिला खेत मजदूरों के साथ शामिल होने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की, जिसमें इंटक से सतीश मेहता, सीटू से रामेश्वर पांडे, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल मौजूद रहे। निसार खां, हरीश, मजदूर मण्डल से लक्ष्मण सिंह राना, मुकेश राजपूत, सचिन चेतन ओबराय ,मनोज सक्सेना , सीटू मो. शाहिद, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति से रविन्द्र कुमार, मनोज सिंह, जलालुद्दीन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बूथ पर सजग रहकर अपने वोट की रक्षा करें समाजवादी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सपा कार्यालय पर कैंट विधानसभा की नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा


सपा कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में मौजूद नव नियुक्त पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा कार्यालय पर गुरुवार को मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कैंट विधानसभा क्षेत्र की नई 39 सदस्यों वाली कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने बूथ पर पूरी सजगता के साथ मुस्तैदी से खड़े रहें, ताकि भाजपा की ओर से फर्जी तरीके से जमा कराए जा रहे फार्म 7 के माध्यम से हमारे वोट बैंक को निशाना बनाने के प्रयास नाकाम हो सकें। पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने 2027 में सभी सीटों पर जीत दर्ज करने और भाजपा को परास्त करने की रणनीति अपनाने का आह्वान किया। अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर अनीस अहमद ने फार्म 6 पर विशेष ध्यान देने और मतदाताओं को भाजपा की जटिल प्रक्रियाओं में उलझने से बचाने का संदेश दिया।

बैठक के बाद कैंट विधानसभा की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष हरिओम के नेतृत्व में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव और सदस्यों की जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों में शामिल दानिश अजहर, डॉ. सीपी आर्या, गौरी शंकर पाल, अजय शर्मा, ओम प्रकाश कश्यप, संजय गुप्ता, सुनील मिश्रा, अतुल कुमार, नितेश वाल्मीकि, नीतू लोधी, गुड़िया सागर, बेबी पटेल, रश्मि वाल्मीकि आदि का उत्साहवर्धन किया गया। संचालन महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। राजेश अग्रवाल, डॉ. अनीस बेग, संजीव सक्सेना, सैफ वली खां, अनुज गंगवार, समयुन खान, गजल अंसारी, सबा नाज, गीता राणा, नाजिम कुरैशी, महेंद्र राजपूत, दीपक वाल्मीकि, अनुज वाल्मीकि, हैप्पी यादव, रोहित राजपूत आदि मौजूद रहे।

# शादी रुकवाने को पुलिस के साथ पहुंची प्रेमिका, बरातघर में हंगामा

कार्यालय संवाददाता बरेली

- दुष्कर्म के आरोपी युवक की शादी में देर रात तक चला हंगामा
- पुलिस पीड़िता को जबरन गाड़ी में डालकर ली गई थाने

**अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र की पुलिस चौकी अशरफ खां के बैंक्वेट हॉल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रामपुर जिले के मिलक निवासी युवती अपने परिजनों और पीआरबी पुलिस के साथ वहां हो रही शादी को रुकवाने पहुंच गई। युवती के अचानक पहुंचने से शादी समारोह में हड़कंप मच गया और मामला घंटों तक तूल पकड़ता रहा।

युवती का आरोप है कि बैंक्वेट हॉल में शादी कर रहे राहुल नामक युवक ने करीब नौ वर्ष पहले शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए थे। यह संबंध लगभग तीन वर्षों तक चलते रहे। जब परिवार को इसकी जानकारी हुई तो युवक ने अपनी बहन की शादी हो जाने के बाद उससे विवाह करने का भरोसा दिलाया। पीड़िता का कहना है कि इसी बीच राहुल की तहसील में बाबू के पद पर सरकारी नौकरी लग गई। नौकरी लगते ही उसकी नीयत बदल गई और उसने शादी के लिए 20 लाख रुपये नकद और एक गाड़ी की मांग रख दी। मांग पूरी न होने पर युवक ने रिश्ता तोड़ दिया। युवती ने बताया कि फरवरी 2025 में उसने राहुल के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था, जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि इस मुकदमे के बावजूद आरोपी युवक यहां दूसरी युवती से शादी कर रहा था। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो पीआरबी वाहन तैनात किए गए। काफी देर बाद चौकी इंचार्ज शिवम मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों की बातें सुनीं। इसके बाद उच्चाधिकारियों से वार्ता कर युवती को वहां से हटाने का निर्णय लिया गया।

आरोप है कि पुलिस ने शिकायतकर्ता युवती को जबरन गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। इस दौरान युवती पुलिस के चंगुल से छूटकर सड़क पर बैठ गई, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे जबरन उठाकर गाड़ी में बैठा दिया और थाने ले गई। पीड़िता की छोटी बहन ने आरोप लगाया कि नौ वर्षों के रिश्ते से जुड़े वीडियो और फोटो युवती के मोबाइल में मौजूद हैं, लेकिन आरोपी हर जगह पैसे के दम पर खुद को बचा रहा है।

# मध्यस्थता अभियान में लंबित वादों का 15 तक करें निपटारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में संपूर्ण राष्ट्र में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराना है। जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में संचालित मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 की अवधि बढ़ाकर 15 फरवरी तक कर दी है।

अभियान के तहत न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से कराया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि मध्यस्थता के लिए चिन्हित पत्रावलियों को संदर्भित करने के लिए 15 दिवस की अवधि प्रदान की गयी है, जो 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुलह वार्ता के माध्यम से सुनिश्चित कराने के लिए समस्त न्यायालयों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने यहां लंबित उपयुक्त मामलों की पत्रावलियों को मध्यस्थता के लिए संदर्भित करें। बाह्य न्यायालयों से भी पत्रावलियां भेजे जाने के लिए कहा गया है, ताकि अधिकतम संख्या में वादकारियों को इस अभियान का लाभ मिल सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने विवादों के समाधान के लिए अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## सिटी डायरी

### शिक्षामित्रों ने एमएलसी को सम्मानित किया



**बरेली, अमृत विचार :** कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने के प्रदेश सरकार के निर्णय से शिक्षामित्रों में खुशी की लहर है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने फरीदपुर में एमएमसी कुंवर महाराज सिंह के आवास पर पहुंचकर उनको शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित आभार पत्र सौंपा। साथ ही लंबे समय से लंबित मानदेय वृद्धि की मांग भी प्रमुखता से उठाई। प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह ने एमएलसी से अनुरोध किया कि विधानसभा सत्र शुरू होने से पूर्व होने वाली जनप्रतिनिधियों की बैठक में शिक्षामित्रों के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि का प्रस्ताव रखा जाए। जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि कैशलेस इलाज की सुविधा से शिक्षामित्रों को बड़ी राहत मिलेगी। जसवीर यादव, अनिल कुमार, नरेश कुमार, विजय लक्ष्मी, रीता गुप्ता, रजनी देवी, सोनी अंसारी, स्नेहलता सागर, रूबी आदि मौजूद रहे।

### बरेली कॉलेज की शोध छात्रा अंजलि सिंह ने यूजीसी-नेट किया उत्तीर्ण



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग की शोधार्थी अंजलि सिंह ने यूजीसी-नेट उत्तीर्ण कर विभाग व कॉलेज का नाम रोशन किया है। पर्यावरण विज्ञान विषय में पीएचडी कर रहीं अंजलि की इस सफलता को उनकी लगन, सतत अध्ययन और शोध के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का परिणाम माना जा रहा है। अंजली सिंह के कई शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. ओपी रॉय, प्रो. राजेन्द्र सिंह, प्रो. एपी सिंह, डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. गौरव भूषण, डॉ. निष्ठा सेठ, डॉ. अनामिका अग्रवाल आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### कुल शरीफ की रस्म में मांगी अमन चैन की दुआ

**बरेली, अमृत विचार :** मलूकपुर मस्जिद मुफ्ती आजम हिंद स्थित दरगाह हजरत मियां खां वली पर गुरुवार सुबह कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। उसके बाद अकीदतमंदों ने दरगाह पर गुलपोशी और चादरपोशी की। सुबह 9 बजे 700 वें हजरत मियां खां वली के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। लंगर बांटा गया। आजम खान, सय्यद रजब अली साजू, ताज खान, अदनान, मोहम्मद आजाद, सय्यद अताउल्लाह, रेहान खां, फैजी खान, बिलाल खान, अनस अली, ईशान खान, शाकिर यार खान, शाहिद रजा नूरी, अब्दुल फारूक आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने जिला सरकारी बैंक के जीएम को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** बी पैक्स इस्माइलपुर को पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, सीएससी, क्यूआर पेमेंट एवं समिति के सुचारू रूप से संचालन करने और जिला सहकारी बैंक बरेली को दोनों चरणों की चयनित सभी 76 समितियों को ई-पैक्स करने में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। गुरुवार को लखनऊ के लोक भवन में नाबार्ड की ओर से आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला सरकारी बैंक के जीएम देवेन्द्र कुमार को अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान बरेली, बदायूं, पीलीभीत बरेली सहित कई जिले के जीएम मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### रुविवि के 11 छात्रों ने यूजीसी नेट में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग के एलएलएम पाठ्यक्रम के कुल 11 छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सफल विद्यार्थियों में शिवम जायसवाल, अनन्या सक्सेना, राम अवतार, श्रवण कुमार, ऐश्वर्या माहेश्वरी, आर्यन सक्सेना, तपेश्वरी देवी, अक्षय दूबे, रोशनी, भूपेन्द्र कुमार मौर्य एवं अभिषेक कुमार शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, कुलसचिव हरिश्चंद्र, परीक्षा नियंत्रक संजीव सिंह आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### विशेष बच्चों के साथ मनाया वार्षिक उत्सव

**बरेली, अमृत विचार :** नंदीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में वात्सल्य सेवा संस्थान में विशेष बच्चों के साथ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट अनिल कुमार सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना रहे। विशेष बच्चों के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में प्रत्येश पांडेय, डॉ. पवन सक्सेना, संतोष पांडेय, रोहित राकेश, विशेष कुमार, अंकुर सक्सेना, डॉ. शिफालिका, अजय गंगवार, अशोक उप्रेती आदि उपस्थित रहे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता सम्मानित

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार :** संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज में गुरुवार को शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला समन्वक राजीव जौहरी, प्रमोद कुमार, लीलाधर शर्मा, केपी सिंह, राजेश कुमार आदि ने विद्यालय पहुंचकर कक्षा 8 की छात्रा अंशिका, को प्रथम, कक्षा 12 के छात्र विकास कुमार को द्वितीय व कक्षा 8 की छात्रा शिवांगी शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया।


नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार


जय नारायण सरस्वती स्कूल में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को जानकारी देते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा। ● अमृत विचार

# छात्रों को बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके

## रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से दो दिन में छह विद्यालयों के छह सौ बच्चों को किया जागरूक

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

- जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल जय नारायण सरस्वती स्कूल व नालंदा पब्लिक स्कूल में हुआ कैंसर जागरूकता कार्यक्रम
- छात्रों को कैंसर से बचाव के लिए नियंत्रित जीवनशैली और सेहतमंद खानपान की आदत अपनाने की दी गई सलाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में अमृत विचार समाचार पत्र के साथ विद्यार्थी। ● अमृत विचार


जागरूकता कार्यक्रम में जानकारी देते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा।

**अमृत विचार:** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने विद्यार्थियों को कैंसर के संबंध में ए टू जेड तक जागरूक किया। कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के साथ ही इससे बचाव रखने के लिए जीवनशैली कैसी रखनी चाहिए, किस तरह का खानपान रखना चाहिए आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में दो दिन में शहर के छह स्कूलों के करीब छह सौ बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह करीब 11.15 बजे से जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए, ताकि बच्चे अपने परिवार, समाज को जागरूक कर सकें। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करने में सहयोगी बनते हैं। कैंसर से डरना नहीं चाहिए। सही समय पर इलाज से कैंसर से मरीज को बचाया जा सकता है।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे जय नारायण सरस्वती स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से स्वयं को बचाने के लिए जीवनशैली में किस तरह से बदलाव करने की जरूरत है, उसकी जानकारी से बच्चों को रूबरू कराया। शरीर फिट रखने और मोटापा कम करने के लिए एक्सरसाइज करने पर जोर दिया। बच्चों ने बताया कि हम लोगों को बहुत अच्छी जानकारी दी गयी। कैंसर के प्रति सभी स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए, समाज में जितनी जागरूकता आएगी, उतना ही ज्यादा लोग कैंसर से अपना बचाव रख सकेंगे।

तीसरे सत्र में दोपहर करीब 2.15 बजे नालंदा पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। बच्चों से कहा कि कैंसर लाइलाज नहीं है, आधुनिक उपचार से कैंसर को मात दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही। वहीं, बुधवार को सोब्तीज पब्लिक स्कूल, केशलता इंटरनेशनल स्कूल, नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

### 18 व्यवसायों में प्रशिक्षण लेने वाले हस्तशिल्पियों को विभिन्न योजनाएं बताईं

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय आईटीआई सीबीगंज में गुरुवार को एमएसएमई विकास कार्यालय आगरा की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, सहायक निदेशक अवधेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्योग विभाग के उपायुक्त विकास यादव एवं सुधीर गंगवार ने जिन हस्तशिल्पियों ने 18 व्यवसायों में राजकीय आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त किया, उन्हें राज्य सरकार की औद्योगिक विकास की नीतियों के बारे में जानकारी दी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर त्रिलोचन शर्मा ने हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पाद की मूल्य पद्धति, मार्केट ट्रेंड, लेवलिंग, ई-कॉमर्स, क्यूआर कोड के बारे में बताया। बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक असद अली ने बैंकों की विभिन्न लोन संबंधी योजनाओं से रूबरू कराया। विशाल अवस्थी ने उद्यमिता विकास पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। सहायक निदेशक अवधेश कुमार ने एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। विशाल अवस्थी, सुनील शर्मा, इंदु भूषण, मनोहर सिंह, पवन कुमार आदि का सहयोग रहा।

### वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया

**बरेली/देवरनियां, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज मुंडिया जागीर में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। छात्र एवं छात्राओं ने नारी शक्ति, नशामुक्ति, रोड सेफ्टी सहित लघु नाटकों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सदस्य भुजेन्द्र गंगवार, प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार ने किया। अजीत कुमार, मो. कलीम अंसारी चेयरमैन देवरनिया, दौलत राम, राम गोपाल, डॉ. विजय गंगवार, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# दादा-दादी होते हैं परिवार की अमूल्य धरोहर : डॉ. लता

- केशलता इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना ग्रैंड पेरेंट्स डे
- विद्यार्थियों ने अपनों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली


केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ग्रैंड पेरेंट्स डे में पहुंचे बच्चों के अभिभावक। ● अमृत विचार


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित केशलता इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि दादा-दादी परिवार की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनके अनुभव और संस्कार बच्चों के जीवन की मजबूत नींव बनाते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी और नाना-नानी के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिनमें नृत्य, गीत, कविताएं और नाट्य मंचन शामिल थे। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी अभिभावकों को भावुक कर दिया। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि ग्रैंड पेरेंट्स डे बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने और पारिवारिक मूल्यों को समझने का एक सुंदर माध्यम है।

उप-प्रधानाचार्य डॉ. निशा शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में परिवार की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि दादा-दादी बच्चों के पहले गुरु होते हैं, जिनसे उन्हें जीवन के मूल्य, अनुशासन और संस्कार सीखने को मिलते हैं। ऐसे आयोजनों से पीढ़ियों के बीच भावनात्मक जुड़ाव और मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में दादा-दादी के लिए रोचक खेल और गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण प्रेम, सम्मान और अपनत्व से भरपूर रहा। ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन सभी के लिए यादगार रहा।

विद्यालय परिवार ने पारिवारिक मूल्यों को सहेजने की एक सुंदर पहल के रूप में सराहा। संचालन कक्षा 9 की छात्रा मनरीत कौर और वेदिका चौधरी ने किया। आयोजन में शिवानी सिंह, रूचि शर्मा, आशा शर्मा, शबीना, छाया सिंह, वर्षा शर्मा, सुमित शर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण प्रणाली समझायी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में परिणाम आधारित शिक्षा पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण प्रणाली से रूबरू कराने के उद्देश्य से परिणाम आधारित शिक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम कराया। जिसमें बीएमएलटी प्रथम वर्ष एवं बीआरआईटी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

मुख्य वक्ता फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने परिणाम आधारित शिक्षा की अवधारणा, महत्व, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक लाभों पर प्रकाश डाला। बताया कि यह शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों के कौशल विकास, दक्षता निर्माण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देती है। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिणाम आधारित शिक्षा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आकांक्षा अवस्थी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. अनमोल शर्मा, डॉ. अमरनाथ शर्मा डॉ. अंशुल यादव, सोनी गौतम, सुजाता कटियार, मनीषा सक्सेना, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार मौजूद रहे।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 'वतन को जानो' में दिखेगी कश्मीरी झलक

- कश्मीर के छह जिलों से आए 132 युवा, आज से छह दिन चलेंगे कार्यक्रम
- हस्तशिल्प प्रदर्शनी, कश्मीरी फूड फेस्टिवल सहित कई गतिविधियां होंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रेस कान्फ्रेंस में कार्यक्रम की जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में भारत सरकार के मेरा युवा भारत अभियान के तहत छह दिवसीय 'वतन को जानो' कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को होगी। आयोजन में गृह मंत्रालय और खेल मंत्रालय के सहयोग से कश्मीर के छह जिलों अनंतनाग, पुलवामा, कुपवाड़ा, बारामुला, बडगाम और श्रीनगर से आए 132 युवा हिस्सा लेंगे। ये 18 से 25 वर्ष के युवा छह दिनों तक बरेली की मेहमाननवाजी का आनंद लेंगे और भारतीय संस्कृति की विविधता को करीब से जानेंगे।

जिला युवा अधिकारी कार्यालय ने कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को विश्वविद्यालय में आयोजित कॉन्फ्रेंस में भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की उप निदेशक पुष्पा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का हर दिन खास होगा। सुबह की शुरुआत योग, स्वच्छता और श्रमदान से होगी, जबकि शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम रहेगी। 7 फरवरी को हस्तशिल्प, ई-कॉमर्स और 'विकसित भारत 2047' जैसे गंभीर विषयों पर डॉ. बीनू सिंह, डॉ. पंकज शर्मा और डॉ. छवि शर्मा जैसे विशेषज्ञ सत्र लेंगे। 9 फरवरी को शहरवासियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा, जब कश्मीर घाटी के उत्पादों की प्रदर्शनी और लजीज कश्मीरी व्यंजनों का फूड फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। 8 और 10 फरवरी को कश्मीरी दल जिले के प्रमुख शैक्षणिक और औद्योगिक संस्थानों का दौरा करेगा। युवा यूनिवर्सिटी कैंपस का भ्रमण करेंगे और खेल गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। 11 फरवरी को समापन समारोह होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य कश्मीर के युवाओं के मन से भ्रांतियों को दूर कर उन्हें राष्ट्रीय एकता, संविधान और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। प्रो. राकेश कुमार मौर्य, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. छवि शर्मा, अजय राज शर्मा, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक राम बरात 2 मार्च को निकाली जाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामलीला समिति ने चंद्र ग्रहण के चलते राम बरात की बदली तारीख

**अमृत विचार :** होली पर होने वाली प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक 166 वीं रामलीला को लेकर गुरुवार को पंडित महेश चंद शर्मा की अध्यक्षता में पार्षद सर्वेश रस्तोगी के कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि चंद्र ग्रहण के कारण इस वर्ष राम बरात 3 की जगह 2 मार्च को निकाली जाएगी।

प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि ग्रहण के दौरान सनातन परंपरा के अनुसार भगवान के स्पर्श, भोग और आरती निषिद्ध होते हैं। इसलिए समिति ने विद्वानों से सलाह लेकर राम बरात को एक दिन पहले निकालने का निर्णय लिया है। पंडित महेश शर्मा ने कहा कि यह सदियों पुरानी परंपरा है, जिसका पालन करना समाज के लिए जरूरी है। ताकि ग्रहण के नियमों का सम्मान बना रहे। महामंत्री सुनील रस्तोगी ने बताया कि रामलीला कार्यक्रम के लिए स्नातन पत्रक तैयार कर प्रशासन को प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं, दुःलहरी से निकलने वाली श्री नरसिंह भगवान की यात्रा 4 मार्च को आयोजित होगी। संरक्षक सर्वेश रस्तोगी ने बताया कि 3 मार्च को आरती, पूजन और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। राजू मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, सतेंद्र, लवलीन कपूर, नीरज रस्तोगी, अखिलेश अग्रवाल, बॉबी रस्तोगी, दिनेश दद्दा, कमल टंडन, संजू गुप्ता, अभिषेक गौड़, दीपेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।


बैठक में राम बरात को लेकर चर्चा करते रामलीला समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# पदोन्नति में देरी पर भड़का शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ, जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली


एडीआईओएस को ज्ञापन देते शिक्षणेत्तर कर्मचारी। ● अमृत विचार

- एडीआईओएस को सौंपा ज्ञापन कई गंभीर आरोप भी लगाए
- कहा-मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो डीआईओएस कार्यालय पर होगा आंदोलन

**अमृत विचार:** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आलोक चौहान संघर्षी के नेतृत्व में सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश चंद्र यादव से मुलाकात कर लंबित पदोन्नतियों को लेकर विरोध दर्ज कराया।

पदाधिकारियों ने डीआईओएस को संबोधित ज्ञापन में जिले के आधा दर्जन से अधिक अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वर्षों से रिक्त पड़े दफ्तरी पदों पर पात्र परिचारकों की पदोन्नति और जिला परिषद प्रबंधन के विद्यालयों में रिक्त लिपिक पदों पर 50 प्रतिशत पदोन्नति कोटे के अंतर्गत शीघ्र पदोन्नति की मांग उठाई। इस पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने डीआईओएस से वार्ता कर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आलोक चौहान ने कहा कि शिक्षा निदेशालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से पदोन्नति प्रक्रिया में हीलाहवाली की जा रही है, जिससे जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में आक्रोश है।

मंडलीय अध्यक्ष सौरभ कुमार ने कहा कि जब प्रदेश के अन्य जिलों में पदोन्नति निर्बाध रूप से हो रही है, तो यहां जानबूझकर प्रक्रिया रोकी जा रही है, जो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए मजबूर कर रही है। जिलाध्यक्ष संजीव पाल ने चेताया कि संगठन यह मनमानी बर्दाश्त नहीं करेगा और यदि शीघ्र सुनवाई नहीं हुई तो डीआईओएस कार्यालय पर सत्याग्रह किया जाएगा। इस दौरान संतोष अवस्थी, अंबरीष मिश्रा, राकेश शर्मा, सत्यवीर, धर्मेंद्र, सुकेश, गेंदनलाल, धर्मवीर आदि मौजूद रहे।